मार्च 2001 शिक्षक के हस्ता.

प्रश्न–1. पैराग्राफ पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखो।

मैदान से दूर हटकर नाला था। नाले पर कोई पुल न था। पथिकों को नाले में से ही आना जाना पड़ता था। खेल अभी बन्द ही हुआ था और खिलाड़ी लोग बैठे दम ले रहे थे कि एक किसान अनाज से भरी हुई गाड़ी लिए हुए उस नाले में आया। लेकिन कुछ तो नाले में कीचड़ था और कुछ उसकी चढ़ाई इतनी ऊँची थी कि गाड़ी ऊपर न चढ़ सकती थी। वह कभी बैल को ललकारता, कभी पहियों को ढकेलता लेकिन बोझ अधिक था और बैल कमजोर। गाड़ी ऊपर को न चढ़ती और चढ़ती भी तो कुछ दूर चढ़कर, फिर खिसककर नीचे पहुँच जाती। किसान बार–बार जोर लगाता और बार–बार झुंझलाकर बैंलों को मारता, लेकिन गाड़ी उभरने का नाम न लेती। बेचारा इधर– उधर निराश होकर ताकता, मगर वहाँ कोई सहायक नजर नहीं आता। गाड़ी को अकेले छोड़कर कहीं जा भी नहीं सकता था। बड़ी आपत्ति में फंसा हुआ था। इस बीच में खिलाड़ी हाथों में डंडे लिए घूमते घुमाते उधर से निकले। किसान ने उनकी तरफ सहमी हुई आँखों से देखा परन्तु किसी से मदद मांगने का साहस न हुआ। खिलाड़ियों ने भी देखा मगर बंद आँखों से जिनमें सहानुभूति न थी।

(क) किसान क्यों परेशान था ? ______________________

(ख) गाड़ी में क्या भरा हुआ था ? ______________________

(ग) किसान ने खिलाड़ियों से सहायता क्यों नहीं माँगी। ______________________

(घ) गाड़ीवान कौन था ? ______________________

(ड.) समानार्थी शब्द लिखो

वज़न ________ हिम्मत ________ चक्का ________ उदास ________

(च) नीचे लिखे शब्दों के उल्टे अर्थ वाले शब्द लिखो।

खुला ________ ताकतवर ________ जाता ________ आशा ________

(छ) इस कहानी का नाम क्या हो सकता है। लिखो। ______________________

(ज) तीन स्त्रीलिंग, पुल्लिंग शब्द छाँटकर लिखो। ______________________

(ज) तीन संज्ञा शब्द छाँटकर लिखो।

प्रश्न–2.किसी एक विषय पर आठ दस वाक्य लिखो–

1. पर्वत 2. छुट्टियों के दिन 3. मेरे गुरूजी 4. पाठशाला

प्रश्न–3. अपने दोस्त को पत्र लिखो। (मेला देखने के लिए।)

अथवा

चार दिन की छुट्टी के लिए कक्षाध्यापक को आवेदन पत्र लिखो।

प्रश्न–4. अधूरी कहानी पूरी करो।

घने जंगल के बीच एक गाँव था। गाँव में अक्सर शेर आया करता था। वह कभी जानवर तो कभी बच्चों को उठा ले जाता। एक बार ....

प्रश्न–5 अ जोड़कर नए शब्द बनाओ। वाक्य बनाकर अर्थ भी लिखो।

शब्द	अ जोड़ा	वाक्य	अर्थ
कारण			
चल			
सफल			
ज्ञान			

प्रश्न–6. कछुआ ने मछलियों से कहा– दैया रे! तुम तो बहुत सुनहरी और चौड़ी सी लग रही हो। जरूर ये लंबी–लंबी घासों का ही कमाल है। दैया रे! कितने सुन्दर हैं ये कमल के फूल। दैया रे! कितना ऊँचा है तुम्हारा घर।

नाम	ऊपर की लाइनों में इनके बारे में क्या कहा गया है, लिखो।
घास	
फूल	
घर	

चित्र बनाओ

इस किताब में जहां-जहां

 है तो वहां तुम खुद *ही* ढेर सारे वैसे *ही अभ्यास* बना सकते हो।

का मतलब है कि यहां *मन से सोच कर* कुछ *लिखने या चित्र बनाने* की जगह है।

वाले पन्नों में तुम्हारे खुद कुछ *देखने-परखने* के लिए है।

 है यहां तुम्हें *आपस में बातचीत* करके काम करने की ज़रूरत है।

 है यहां तुम्हें *पढ़कर* कुछ *करना* है।

है यहां तुम्हें *आसपास* खोजना है।

 है यहां तुम्हें *सोचकर* कुछ *करना* है।

ISBN 978-81-87171-71-3
9788187171713

एकलव्य

मूल्य: ₹ 65.00
A053711